## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)
## मुख्य समाचार

1. संयुक्त संसदीय समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर लोगों से सुझाव आंमत्रित किए।

2. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की, कहा– घुसपैठियों को रोकने और आदिवासी अस्मिता बचाने के लिए लिया फैसला।

3. पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों को मिली सफलता, सर्च ऑपरेशन में बरामद किए दो आईईडी विस्फोटक।

4. **मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू, लातेहार और लोहरदगा में भारी बारिश की दी चेतावनी, राज्य के अन्य हिस्सों के लिए येलो अलर्ट।**

**और**

5- **पैरालंपिक खेल 2024 आज से पेरिस में शुरू, 84 खिलाड़ियों का भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल भाग लेगा।**

*******************

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति ने जनता, स्वैच्छिक संगठनों, विशेषज्ञों, हितधारकों और संस्थानों से विचार और सुझाव आमंत्रित किए हैं। लोकसभा सचिवालय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया है कि जो लोग समिति को लिखित सुझाव भेजना चाहते हैं, वे उनकी दो प्रतियां हिंदी अथवा अंग्रेजी में भेज सकते हैं। इसके लिए पता है– संयुक्त सचिव, लोकसभा सचिवालय, कक्ष संख्या 440, संसदीय सौध, नई दिल्ली–110001. विचार और सुझाव ई–मेल भी किए जा सकते हैं। पता है– जे पी सी वक्फ एल एस एस एट दा रेट संसद डॉट एन आई सी डॉट आई एन । ये सुझाव विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से भाजपा में शामिल होने की घोषणा की है। पत्र के माध्यम से चम्पाई सोरेन ने झारखंड के संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला भी उठाया है और इसे आदिवासियों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने इस समस्या को खुद के झामुमो छोड़कर भाजपा में जाने की एक बड़ी वजह भी बताया है। श्री सोरेन ने लिखा है कि राजनीति से अलग इस मुद्दे को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा, तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पाएगा। इधर चम्पई सोरेन आज दिल्ली से रांची लौटेंगे। माना जा रहा है कि आज ही वे मंत्री पद और झामुमो की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देंगे। इस बीच केन्द्र सरकार ने श्री सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। इससे पहले चंपाई सोरेन ने घोषणा की कि वे 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनेंगे।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री से उनकी मुलाकात मार्गदर्शन के लिए थी। इस दौरान राज्य के राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हुई। श्री मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की घोषणा का स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भ्रष्ट अधिकारियों से घिरे हैं इस वजह से झारखंड मुक्ति मोर्चा में कई लोग अपमानित महसूस कर रहे हैं और धीरे–धीरे पार्टी छोड़ रहे हैं।

*******************

गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड में शिक्षको की कमी के विरोध में अभिभावकों का अनिश्चितकालीन धरना बीते 21 अगस्त से जारी है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने डुमरी अनुमंडल कार्यालय प्रांगण में 3 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना दे रहे लोगों से मुलाकात की। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर चिंता जताते हुए झारखंड सरकार को विफल बताया।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 5 किलोग्राम और 3 किलोग्राम वजन के दो आईईडी विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि टोंटो क्षेत्र में पाटातोरोब और चिड़ियाबेड़ा जंगलों के बीच नक्सलियों द्वारा पुलिस को लक्षित कर ये विस्फोटक लगाए गए थे। इन आईईडी विस्फोटकों को जंगल में ही भी विनष्ट कर दिया गया।

*******************

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ के खाते से वेतन भुगतान में अनियमितता के तथ्य सामने आने पर उपायुक्त, चंदन कुमार ने कार्रवाई को लेकर प्रेस वार्ता की। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि लंबे समय से फर्जी चिकित्सकों के नाम से वेतन निकासी करने का बड़ा मामला जिला प्रशासन के समक्ष आया है जिसमें कि प्राथमिक जांच में 15–16 महीने में पांच ऐसे फर्जी चिकित्सक के नाम से लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वेतन के नाम पर निकासी की गई है। प्राथमिक जांच के दौरान पाया गया कि रामगढ़ जिले में ही स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आदेशपाल अमजद हुसैन और उनकी पत्नी के नाम पर ही पांच नाम से खाते संचालित है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वही इस तरह के अन्य मामलों की संभावना और 10 करोड़ रुपए से अधिक के राशि के गबन पर भी संदेह व्यक्त करते हुए इसकी गहन जांच के लिए जिला स्तर पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है

*******************

गुमला जिला प्रशासन ने जिले के किसानों से बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की है। इस योजना के तहत केवल एक रुपए में किसान अपनी फसल को सुरक्षित कर सकते हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

राज्य में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल–2024 के लिए फसल बीमा कराया जा रहा है। लातेहार जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि इसमें अधिसूचित फसलों में धान और मक्का है। किसान यदि अपनी फसलों का बीमा कराना चाहते हैं तो इसके लिए 31 अगस्त अंतिम तिथि सरकार ने निर्धारित की है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा कराने की अपील की है।

*******************

2024 के पैरालंपिक खेलों का औपचारिक उद्‌घाटन आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में हो रहा है। ये खेल 8 सितंबर तक चलेंगे। पेरिस पैरालंपिक में कुल 84 भारतीय पैरा एथलीट का दल प्रतिस्पर्धा करेगा। यह पैरालंपिक के इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है।

*******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के गढ़वा, पलामू, लातेहार और लोहरदगा जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी कर भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की घोषणा के साथ सूबे की राजनीतिक हलचल को अपनी सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– आज दिल्ली से आएंगे चंपाई सोरेन, मंत्री पद से देंगे इस्तीफा।

प्रभात खबर ने लिखा है– प्रधानमंत्री मोदी से मिले बाबूलाल मरांडी, बांग्लादेशी घुसपैठ पर विस्तार से की चर्चा।

दैनिक जागरण लिखता है– रिम्स में आधी रात भिड़े होमगार्ड जवान और जूनियर डॉक्टर, एक दर्जन घायल।

झारखंड में लोकसभा चुनाव के बाद दो लाख 60 हजार मतदाता बढ़े, शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में होंगे शामिल।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने बीआरएस नेता के कविता को जमानत मिलने की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है

********समाप्त****************